विश्व की प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ, महत्वपूर्ण तथ्य और उनके देश की सूची

पर्वत किसे कहते है?

पर्वत या पहाड़ पृथ्वी की भू-सतह पर प्राकृतिक रूप से ऊँचा उठा हुआ हिस्सा होता है, जो ज़्यादातर आकस्मिक तरीके से उभरा होता है और पहाड़ी से बड़ा होता है। पर्वत ज़्यादातर एक लगातार समूह में होते हैं।

पर्वत कितने प्रकार के होते है?

पर्वत निम्नलिखित चार प्रकर के होते है:

- वलित पर्वत
- भ्रंशोत्थ पर्वत या ब्लॉक पर्वत
- ज्वालामुखी पर्वत
- अवशिष्ट पर्वत

पर्वत या पहाड़ों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य:

- **ब्लॉक पर्वत:** जब चट्टानों में स्थित भ्रंश के कारण मध्य भाग नीचे धंस जाता है और अगल-बगल के भाग ऊंचे उठे लगते हैं, तो वो ब्लॉक पर्वत कहलाते हैं। बीच में धंसे भाग को रिफ्ट घाटी कहते हैं। इन पर्वतों के शीर्ष समतल और किनारे तीव्र भ्रंश-कगारों से सीमित होते हैं। इस तरह ते पर्वत के उदाहरण हैं: वॉस्जेस (फ्रांस), ब्लैक फॉरेस्ट (जर्मनी), साल्ट रेंज (पाकिस्तान)
- **अवशिष्ट पर्वत:** ये पर्वत चट्टानों के अपरदन के फलस्वरुप निर्मित होते हैं। जैसे: विन्ध्याचल और सतपुड़ा, नीलगिरी, पारसनाथ, राजमहल की पहाड़ियां (भारत), सीयरा (स्पेन), गैसा और बूटे (अमेरिका)
- **संचित पर्वत:** भूपटल पर मिट्टी, बालू, कंकड़, पत्थर लावा के एक स्थान पर जमा होते रहने के कारण बनने वाला पर्वत संचित पर्वत कहलाता है। रेगिस्तान में बनने वाले बालू के स्तूप इसी श्रेणी में आते हैं।

- **वलित पर्वत:** ये पृथ्वी की आन्तरिक शक्तियों से धरातल की चट्टानों के मुड़ जाने से बनते हैं। ये लहरदार पर्वत होते हैं, जिनपर असंख्य अपनतियां और अभिनतियां होती हैं। जैसे: हिमालय, आल्पस यूराल, रॉकीज और एण्डीज।
- वलित पर्वतों के निर्माण का आधुनिक सिंद्धात प्लेट टेक्टॉनिक की संकल्पना पर आधारित है।
- जहां आज हिमालय पर्वत खड़ा है वहां किसी समय में टेथिस सागर नामक विशाल भू-अभिनति थी। दक्षिण पठार के उत्तर की ओर विस्थापन के कारण टेथिस सागर में बल पड़ गए और वह ऊपर उठ गया। इसी से संसार का सबसे ऊंचा पर्वत हिमालय का निर्माण हुआ।
- भारत का अरावली पर्वत विश्व के सबसे पुराने वलित पर्वतों में गिना जाता है। इसकी सबसे ऊंची चोटी माउण्ट आबू के पास गुरुशिखर है। इसकी समुद्रतल से ऊंचाई 1722 मीटर है। कुछ विद्वान अरावली पर्वतों को अवशिष्ट पर्वत का उदाहरण मानते हैं।

विश्व की प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ और शिखर की सूची:

पर्वत- श्रेणी/शिखर का नाम	**किस देश में स्थित है**
एण्डीज	दक्षिण अमेरिका
रॉकी	उत्तरी अमेरिका
माउण्ट एवरेस्ट	नेपाल
काराकोरम (K2) या गॉडविन आस्टिन	भारत
कंचनजंघा	भारत
हिमालय काराकोरम हिन्दुकुश	भारत-चीन-नेपाल
मकालू	नेपाल-चीन
आल्पस	इटली-स्विट्ज़रलैंड
ल्हात्से	नेपाल
काकेशस	जार्जिया
अतलास पर्वत या एटलस पर्वत	उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका
यूराल	रूस
ऐल्प्स	मध्य यूरोप
कार्डिलेरा डी लॉस	पश्चिमी-दक्षिणी अमेरिका
ग्रेट डिवाइडिंग रेंज	पूर्वी ऑस्ट्रेलिया

एल्युशियन रेंज प्रशांत महासागर	अलास्का तथा उत्तर-पूर्वी
तियेन शान	दक्षिणी मध्य एशिया
अल्ताई माउंटेन्स	मध्य एशिया
कमचटका स्थित श्रेणी	पूर्वी रूस
पश्चिमी घाट	पश्चिम भारत
सिएरा माद्रे ओरिएण्टल	मेक्सिको